प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में 20 प्रस्तावों पर लगी मुहर : राज्य में वृद्धावस्था पेंशन को लेकर बड़ा निर्णय, वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के लिये अलग से आवेदन की आवश्यकता नहीं।
2. 10 वर्ष तक के किरायेदारी पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में मिली राहत, दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान कानून में संशोधन को भी मंजूरी।
3. बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिला भारी जनादेश : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा यह सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और जन कल्याण की जीत।

और

4. बाल दिवस पर प्रदेश भर में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन : उत्तर प्रदेश ईको–टूरिज्म विकास बोर्ड स्कूली छात्रों को कराएगा विस्टाडोम ट्रेन का सफर।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्वकप में मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी गई। इसके साथ ही प्रदेश कैबिनेट ने दिल्ली में हाल ही में हुई आतंकी घटना की

कड़ी निंदा की। कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्ताव पास किए गए। प्रदेश कैबिनेट ने राज्य में वृद्धावस्था पेंशन को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। अब पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने बताया कि फैमिली आईडी 'एक परिवार–एक पहचान' प्रणाली से पात्र लाभार्थियों का स्वतः चिन्हीकरण होगा और उनकी सहमति मिलने पर पेंशन सीधे स्वीकृत की जाएगी।

राज्य में किरायेदारी को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कैबिनेट ने 10 वर्ष तक की अवधि के किरायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट मंजूर कर दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार अधिकतम स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री शुल्क की सीमा तय कर दी गई है। यह सीमा किरायेदारी की अवधि और औसत वार्षिक किराए के आधार पर लागू होगी। बाइट.....

*जिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 की धारा 17 व 18 के प्रावधानों के अधीन 1 वर्ष की अवधि की अचल संपत्ति की किराएदारी संबंधी विलेख का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य नहीं है, ऐच्छिक है। इसके संबंध में काफी रिलैक्सेशन दिया गया है कि अभी तक ₹2 लाख तक अगर 1 साल का किराया है तो उसको मात्र ₹500 का रजिस्ट्री शुल्क स्टांप शुल्क देना पड़ेगा 1 वर्ष के लिए और 1 से 5 वर्ष है तो ₹1500, 5 वर्ष से 10 वर्ष रहे तो ₹2000।*

प्रदेश कैबिनेट ने दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी देते हुए

इसकी सीमा नगरीय क्षेत्रों से बढ़ाकर पूरे प्रदेश तक कर दी है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि संशोधन के तहत यह अधिनियम अब उन प्रतिष्ठानों पर लागू होगा जिनमें 20 या उससे अधिक कर्मकार कार्यरत हैं। बाइट.....

*दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 इसको मंत्रिमंडल ने इसका संशोधन करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। यह पहले सिर्फ शहरी क्षेत्र के लिए यह था। अब इसको पूरे उत्तर प्रदेश और ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी हम लागू करने जा रहे हैं। दूसरा पहले इस अधिनियम में निजी अस्पताल, क्लीनिक, गृह वास्तुकार, तकनीकी परामर्शदाता, सेवा प्रदाता इन लोगों पर लागू नहीं था। अब यह इस पर भी लागू हो जाएगा।*

प्रदेश कैबिनेट ने लेखपाल सेवा नियमों में बदलाव करते हुए चनमैन के लिए लेखपाल पद पर पदोन्नति को मंजूरी दी है।

————————

बिहार में विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए भारी जीत की ओर बढ़ रहा है। अब तक घोषित 92 नतीजों में से 80 सीटें उसके पक्ष में गई हैं, जबकि आठ सीट महागठ बंधन ने जीती है। चार सीटें अन्य के पक्ष में गई है। अब तक प्राप्त रुझानों और परिणामों के अनुसार एनडीए को 204 सीटों पर बढ़त प्राप्त है।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ने गठबंधन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जनादेश देने के लिए बिहार के लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस जीत को

सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और जन कल्याण की जीत बताया है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासोन्मुख मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार की लोक–कल्याणकारी नीतियों पर बिहार की जनता के अटूट विश्वास की मुहर है।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार के चुनाव नतीजों पर कहा है कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और बिहार के मुख्यमंत्री आदरणीय नीतीश कुमार जी की जोड़ी के प्रति बिहार का जो भरोसा था, उस भरोसे के कारण से एनडीए को ऐतिहासिक जीत बिहार के विधानसभा चुनाव में मिली है और इस चुनाव में हमें जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो काम किया गया, इसके कारण से महिलाओं का आशीर्वाद मिला। युवाओं के साथ जो न्यायपूर्ण बर्ताव करने का लक्ष्य रखा गया और कार्य किया गया, उसके कारण युवाओं का समर्थन मिला। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला। जो गरीब है, उसको लग रहा है कि अमीर बनने का एक मौका है। जो किसान है, वह भी सामर्थ्यवान बने, इसके लिए योजना हर वर्ग*

*के लिए जो काम किया गया, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबको सम्मान ।*

——————————

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ पूरी बातचीत आप कल शाम 5 बजे 100.7 एफ.एम. रेनबो पर सुन सकते हैं।

डुमरियागंज से सांसद जगदम्बिका पाल ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास मंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचेंगे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री कल वरिष्ठ कार्यकर्ता जन

संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अगले दिन रविवार को शहीद वीरांगना ऊदा देवी के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

————————

प्रदेश में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी और एमओपी जैसे उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। यह जानकारी आज लखनऊ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रदेश में साढ़े बारह लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया उपलब्ध है। बाइट.....

*डीएपी 376000 मेट्रिक टन आज की तारीख में उत्तर प्रदेश की तरफ है। एनपी के 394000 मेट्रिक टन है। एसएसपी 265000 मेट्रिक टन है और एमओपी 85000 मेट्रिक टन है।*

————————

समग्र देश राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष का उत्सव गर्व और स्वाभिमान के साथ मना रहा है। वंदेमातरम् मात्र एक गीत ही नहीं बल्कि राष्ट्र की अदम्य शाश्वत भावना का प्रतीक है। पेश है एक रिपोर्ट......

*सरकार ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम के एक सौ 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में 7 नवंबर से चार चरणों में राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव शुरू किया है। इस दौरान स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया है, साथ ही बंकिम चंद्र चटर्जी की कलम से राष्ट्र के हृदय तक वंदे मातरम की यात्रा को दर्शाने वाली प्रदर्शनियाँ और फ़िल्में भी प्रसारित की जा रही हैं। पूरे वर्ष विभिन्न मंचों पर विशेष कार्यक्रम और संगीतमय प्रस्तुतियां होंगी। राष्ट्र के गौरवशाली*

*अतीत को एकीकृत, आत्मनिर्भर और सांस्कृतिक रूप से जीवंत वृक्षारोपण अभियान, राजमार्गों पर देशभक्ति से ओतप्रोत भित्ति चित्र और दुनिया भर में भारतीय दूतावासों पर सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन एकता और गौरव का संदेश देंगे। बंकिम चंद्र के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम की भूमिका पर लघु फ़िल्में युवाओं को प्रेरित करेने के साथ–साथ देशभक्ति की साझा भावना को सशक्त करेंगी। शिवांग और सौम्या के साथ, आकाशवाणी समाचार के लिए में चंद्रशेखर शर्मा।*

———————————

प्रदेश भर में आज बाल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाल दिवस पर बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को प्रकृति और संस्कृति से जोड़ने की पहल की है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ईको–टूरिज्म विकास बोर्ड बाल दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ के गवर्नमेंट इंटर जुबिली कॉलेज के लगभग 30 छात्र–छात्राएं को कल दुधवा की 'विस्टाडोम ट्रेन सफारी' का अनुभव करायेगा। प्रयागराज में स्कूली छात्रों के दल ने श्रृंगवेरपुर का भ्रमण किया।

अमरोहा में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पहुंच कर छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। कासगंज के कई शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

(समाप्त)